# Rashtra Doot

Date: 04 March 10; Page: 02; Edition: Jaipur

# आईपीएल मैचों का थियेटरों में लाइव प्रदर्शन

जयपुर, 3 मार्च। विश्व की सबसे बड़ी डिजीटल सैटेलाइट सिनेमा नेटवर्क यूएफओ मूवीज देशभर में मल्टीप्लैक्स तथा एक थियेटरों में बिना किसी विज्ञापन के उच्च डेफिनेशन फोरमेट के साथ बड़े पर्दे पर डीएलएफ आईपीएल 2010 के मैच 12 मार्च, 2010 से दिखायेगा। यह जानकारी आज यूएफओ मूवीज इंडिया के स्टेटजीक एडवाईजर चारूहास साटम ने पत्रकारों को दी। साटम ने बताया कि हमारी योजना मैच के लिये थियेटर में स्टेडियम का माहौल तैयार करना है। थियेटर में पूरे परिवार को आनंद प्रदान करने के लिये क्रिकेट से संबंधित मर्चेंडाइज, आकर्षक उपहार, बहुव्यंजन खाने-पीने के स्टाल के साथ-साथ कुछ चुनिंदा जगहों पर चीयर गर्ल्स तथा बैंड क भी इंतजम किया जायेगा। यूएफओ ने सिनेमैक्स, आईनोक्स, फेम, पीवीआर तथा अन्य एकल स्क्रीन थियेटरों के साथ मैच दिखाने के लिए गठजोड़ किया है। देशभर में 1700 से अधिक थियेटरों में आईपीएल मैचों को दिखाया जायेगा। राजस्थान में आईपीएल 2010 मैचों को दिखाने के लिये 32 थियेटरों के साथ करार किया है जिसमें सिनेस्टार, इमेरालड, फनस्टार, आनिोक्स, सीपी, वैभव एंड स्पेस, कोहिनूर सिनेमा, मोतीमहल, जयपुर के अलावा कोटा, भीलवाड़ा, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर इत्यादि है।